**CBSE Class – 4 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 2. जैसा सवाल वैसा जवाब**

**तुम्हारी बात**

**(क) ख्वाजा सरा के तीनों सवालों का क्या कोई और जवाब हो सकता है? अपने मन से सोचकर लिखो|**

**उत्तर-** हाँ, हो सकता है|

(1) ख्वाजा सरा का पहला सवाल था – 'संसार का केंद्र कहाँ है?'

इस सवाल का जवाब हो सकता है – हिमालय की सबसे ऊँची चोटी की सबसे ऊँची जगह ही संसार का केंद्र है ख्वाजा सरा नाप कर देख ले|

(2) दूसरा सवाल था – 'आकाश में कितने तारे है?'

इसका उत्तर हो सकता है – 'एक बोरी सरसों में जितने दाने है, आकाश में उतने ही तारे हैं ख्वाजा सरा दोनों को गिन कर देख सकते हैं|

(3) तीसरा प्रश्न था – 'संसार की आबादी कितनी हैं'

इसका उत्तर हो सकता है - ख्वाजा के सिर और दाढ़ी में जितने बाल हैं, संसार की आबादी उतनी ही हैं| वह चाहे तो अपनी दाढ़ी और अपना सिर मुंडवाकर गिनती कर ले|"

**(ख) अगर तुम ख्वाजा सरा की जगह पर होते तो बीरबल को हराने के लिए कौन-से सवाल पूछते?**

**उत्तर-** अगर मैं ख्वाजा सरा की जगह होता तो बीरबल को हारने के लिए यह सवाल पूछता – "बादशाह का कहना है कि बीरबल के मूर्ख है, उसे देश निकाला दे देना चाहिए| बादशाह ने झूठ बोला या सच?"

**नोट** - विद्यार्थी अपनी-अपनी इच्छानुसार सफल बनाएँ|

**(ग) ख्वाजा सरा का बस चलता तो बीरबल को हिन्दुस्तान से निकाल देते| अगर तुम्हारा बस चले तो तुम कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहोगे?**

**उत्तर-** अगर मेरा बस चले तो मैं अपने लिए एक कार ले लूँ और सारी दुनिया की सैर करूँ| संसार की हर तरह की चॉकलेट अपने फ्रीज में रख लूँ और जब भी चाहे खाता रहूँ| मैं सुपरमैन बन जाऊँ और दुनिया के सारे अपराधियों को पकड़ कर जेल में भर दूँ|

**बस**

**नीचे लिखे वाक्य पढो -**

मैं **बस** में बैठकर स्कूल जाती हूँ|

ख्वाजा सरा का **बस** चलता तो बीरबल को निकाल देते|

**बस !** अब रुक जाओ|

**बस** दो दिन की बात हैं| मैं आ जाऊँगी|

ऊपर लिखे वाक्यों में **बस** शब्द क एअर्थ अलग-अलग हैं|

अब इसी तरह **चल** शब्द से वाक्य बनाओ|

**(संकेत** चल, चल-चल, चला, चलें, चलने, चलती चलो)

**उ त्तर-** बीच सड़क पर मत **चल**|

मैं तो **चल - चल** कर थक गया|

तुम बैठो, मैं **चला**|

**चलो**, अब पढ़ाई करो|

अब हमें **चलना** चाहिए|

इसी को **चलती** का नाम गाड़ी कहते है|

कैसे **चले**, अभिनव तो आया ही नहीं है|

यह फिल्म बहुत **चलेगी**|

---

<u>बढे कहानी</u>

**एक दिन अकबर ने बीरबल से पूछा , " बीरबल , दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली कौन हैं ? "**

**बीरबल ने क्या कहा होगा कहानी आगे बाढ़ाओं |**

**उत्तर-** एक दिन अकबर ने बीरबल से पूछा, "बीरबल दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली कौन है?" बीरबल ने कहा – जहाँपनाह! सबसे शक्तिशाली है - गोद में खेलने वाला छोटा-सा बच्चा|"

अकबर बोले – "यह तो हो नहीं सकता| जो बालक अपने आप चल-फिर नहीं सकता, वह भला सबसे ताकतवर कैसे होता है?"

दरबारियों ने बादशाह की हाँ में हाँ मिलाई|

"अगर ऐसा है तो साबित करके दिखाओ|" - अकबर ने कहा|

अगले दिन बीरबल गोद में एक छोटे-से बच्चे को लेकर दरबार में हाजिर हुए|

अकबर ने उत्सुकता से पूछा – "बीरबल यह कौन है?"

"हुजूर! यह एक रिश्तेदार का बच्चा है| उसने विनती की कि एक बार बादशाह सलामत उसे अपनी गोद में ले ले|"

अकबर ने बच्चे को गोद में ले लिया| थोड़ी देर तक खेलता रहा| खेलते खेलते वह बच्चा अकबर की मूँछों को खींचने लगा|

बीरबल तुरंत खड़े होकर बोले, "हुजूर! मैंने कहा था ना कि छोटा-सा बच्चा सबसे अधिक शक्तिशाली होता है| देखिए, इस बच्चे ने आपकी मुँछो को खींच दिया| तब आप ही बताइए, इसके सिवाय किसमें इतनी हिम्मत है जो आपकी मूँछो को हाथ लगा दे?"

सभी लोग बीरबल की बुद्धिमानी को प्रशंसा करने लगे|

---

<u>खोजो कहानियाँ</u>

**(क) तुम भी बीरबल का एक ऐसा ही किस्सा ढूँढो जिसमें वह अपने जवाबों से सबका मुँह बंद कर देता है|**

**उत्तर- मुर्गे का अंडा**

एक बार बादशाह अकबर ने सारे दरबारियों के साथ मिलकर बीरबल को हराने की योजना बनाई| उन्होंने बीरबल को थोड़ी देर के लिए बाहर भेजकर दरबारियों से कहा, "इस टोकरी में अंडे रखे हैं| आप सभी इस में से एक - एक अंडा निकाल कर अपने पास

छिपा लें| बीरबल के आने पर मैं सभी से तालाब में गोता लगाने को कहूँगा तालाब से बाहर निकलने पर आप सब यह अंडा मुझे दिखा दे| ऐसा लगे जैसे अंडा आपको तलाब में से ही मिला हो|"
जब बीरबल बाहर घूमकर वापस आ गए तब बादशाह अकबर ने कहा, "बीरबल! हमें कल रात सपने में दरबारियों की योग्यता परखने का एक नया तरीका मिला है| पास के तालाब में सभी दरबारी बारी - बारी से गोता लगाएँगे| जो दरबारी बड़ा वफादार है, उन्हें वहाँ एक-एक अंडा मिलेगा| जो भी आदमी अंडा लिए बगैर वापस आएगा, वह भरोसे लायक नहीं होगा|"
बादशाह की बात सुनकर सारे दरबारी खुश हो गए| उन्हें देखकर बीरबल समझ गए कि जरूर कोई न कोई चाल है|
सारे दरबारी एक - एक करके तालाब में कूद गए और अपने हाथ में एक अंडा लेकर बाहर आये | बीरबल ने भी तालाब में गोता लगाया| उन्होंने सोचा की तालाबी में कोई टोकरी रखी होगी जिसमें अंडे भर दिए होंगे| उन्होंने खूब ढूँढ़ा, परंतु उन्हें कोई टोकरी नहीं मिली|

तब बीरबल ने मंत्री बुद्धि लगाई| तालाब के अंदर से पानी के छींटे उड़ाते हुए 'कुकड़ूॅ-कूॅ.......कुकड़ूॅ-कूॅ.......' करने लगे| बादशाह अकबर बोले, "बीरबल! तुम मुर्गे की तरह कुकड़ूॅ कूॅ.... क्यों बोल रहे हो?"
बादशाह के चेहरे पर हँसीआ गई| सारे दरबारी शर्मिंदा हो गए|

**(ख) बीरबल की तरह बहुत से अन्य व्यक्तियों की हाजिरजवाबी के किस्से प्रसिद्ध हैं| उनके नाम पता करो|**
**उत्तर-** तेनालीराम, मुल्ला नसीरुद्दीन, गोपाल भाँड, शेखचिल्ली, लाला बुझक्कड़|

---

<u>**एक और शब्द**</u>
**नीचे लिखे शब्दों की जगह और कौन-सा शब्द इस्तेमाल हो सकता है? खली जगह में लिखो|**

**उत्तर- बुद्धिमान** - समझदार

**मुर्ख** - बेवकूफ

**अभिमान** - घमंड

**विश्वास** - यकीन

**संसार** - दुनिया

**कोशिश** - प्रयत्न

---

**मुहावरे**
**नीचे लिखे मुहावरों का इस्तेमाल तुम कब-कब कर सकते हो? आपस में चर्चा करो| अब इनका वाक्यों में इस्तेमाल करो|**

**(1) नाक़ - भौंह सिकोड़ना**

**(2) कलई खुलना**

**उत्तर- (1) नाक़-भौंह सिकोड़ना** – गोबर का नाम सुनते ही पूनम नाक़-भौंह सिकोड़ने लगती है|

**(2) कलई खुलना** – परीक्षा का परिणाम आते ही सोनू की कलई खुल गई|